A member while speaking will please indicate the Demand on which he is raising discussion. After applying guillotine I will put the Demands, one by one, to the vote of the House.

(Ch. Chand Ram rose to speak .....)

वित्त मंत्री (श्रीमती ओम प्रभा जैन): स्पीकर साहब, कया आप बतायेंगे कि आप गिलोटिन कब एप्लाई करेंगे ताकि हमें कुछ अन्दाजा हो जाए?

श्री अध्यक्ष: साढे बारह बजे। आप जितना समय चाहेंगी उतना टाईम आपको मिल जायेगा।

श्रीमती ओम प्रभा जैन: मुझे तो 45 मिनट चाहिएं।

श्री अध्यक्ष: ठीक है, दे देंगे।

चौ. चाँद राम: स्पीकर साहब, मुझे बोलने का कितना समय मिलेगा?

श्री अध्यक्ष: बारह बजे तक।

महन्त गंगा सागर: स्पीकर साहब, थोड़ा सा टाईम मुझे भी चाहिए।

चौ. चांद राम: स्पीकर साहब, मैं तो सारे सैशन में बोला ही नहीं हूँ, इसलिए मैंने पूछ लिया है .....

मुख्य मंत्री: (श्री बंसी लाल): स्पीकर साहब, हम अपनी पार्टी के स्पीकर्ज की लिस्ट पाँच मिनट में दे देंगे।

Mr. Speaker: I am afraid if there are five members from this side and five from that side, then you will get only seven minutes each. Some of you can speak in the evening.

महन्त गंगा सागर: स्पीकर साहब, मैंने तो न ही गवर्नर ऐड्रेस पर बोला है और न ही बजट पर बोला है।

श्री अध्यक्ष: टाईम तो था, आप बोल लेते .....

महन्त गंगा सागर: मुझे किसी ने टाईम ही नहीं दिया। .....(विघ्न)

Mr. Speaker: I suggest that two members from each side may speak. It is upto you to decide it.

श्री बंसी लाल: स्पीकर साहब, अगर आप किसी को भी 5 मिनट ज्यादा न दें, तो 15 मैम्बर बोल जायेंगे।

श्री अध्यक्ष: यह तो आपकी सजैशन है और इट इज अप टू यू।

श्री बंसी लाल: स्पीकर साहब, यह तो हमारे मुकाबले में वन–थर्ड भी नहीं है। जनता तो इनको पूछती ही नहीं। आपको टाईम मैम्बरों की गिनती के हिसाब से देना चाहिए। आप आधा इनको कैसे देंगे?

श्रीमती शकुन्तला: हमारे मैम्बर तो आधा–आधा घन्टा बोलना चाहते हैं।

श्री बंसी लाल: इन्हें बाहर खड़ी कर दो, बोलती रहेंगी .....।

श्रीमती शकुन्तला: स्पीकर साहब, हम बाहर खड़े होकर बोलने के लिए यहां नहीं आये, हम तो यहां हाउस में बोलने के लिये हैं।

चौ. जय सिंह राठी: स्पीकर साहब, फाइनस मिनिस्टर साहिबा 45 मिनट मांगती हैं। इनके इस टाईम को कुछ कम कर दिया जाए ताकि उसमें से कुछ हमें मिल जाए।

Mr. Speaker: I would suggest that the Opposition may take half an hour and the treasury benches 45 minutes.Teh Finance Minister may also reduce her time accordingly.

Sh. Bansi Lal: I have also to intervene at some stage.

Mr. Speaker: You can intervene in between.

Sh. Bansi Lal: I have to take my own time for intervening. (Interruptions)

Mr. Speaker: What we will do if the house likes ..... (Interruptions)

No interruptions please. When I am speaking, I do not want any body to interrupt uncessarily. Since there are still so may Members who wish to speak, I suggest that we may extend the time of this sitting by half an hour.

Sh. Bansi Lal: No, please.

श्री अध्यक्ष: शाम का एप्रोप्रिएशन बिल आ रहा है, मैम्बर उस समय बोल सकते हैं। हाउस इस पर फैसला कर ले।

Sh. Bansi Lal: The Appropriation Bill is coming up in the afternoon sitting. It has to be passed and then sent to the Government for his assent. We cannot, therefore, extend the time of this sitting.

Mr. Speaker: Alright, I give half and hour to the Opposition and and 45 mimutes to the Treasury Benches. I would also request the Finance Minister to reduce her time.

चौ. चाँद राम: मैंने अभीतक कुछ नहीं बोला इसलिए मुझे बोलने दिया जाये। (विघ्न)

श्री अध्यक्ष: चौ. चांदराम आप बोलना चाहते हैं या नहीं?

चौ. चाँद राम: मैं नहीं बोलना चाहता।

Mr. Speaker: Ch. Chand Ram, you appear to be annoyed. You stood up first and then sat down.

Ch. Chand Ram: No, I am not annoyed.

Sh. Bansi Lal: Ch. Chand Ram should be given time. He has not spoken since the start of the session.

Mr. Speaker: Half an hour for the Opposition. Two Members can speak from their side.

चौ. चाँद राम: स्पीकर साहब, मैं इस बात पर आपकी रूलिंग चाहता हूं कि यहां पर एक–एक मैम्बर दो–दो, तीन–तीन बार बोल चुके हैं और मैं एक दफा भी नहीं बोला। मेरा भी कुछ राइट है या नहीं?

श्री बंसी लाल: स्पीकर साहब, चौ. चांद राम को बोलने का मौका जरूर दिया जाए दूसरे मैम्बर यहां पर छे–छे बार बोल चुके हैं।

Mr. Speaker: We are losing a lot of time to this.

श्री रणधीर सिंह: मैं यह जानना चाहता हूं कि चौ. चांद राम कौन सी तरफ से बोल रहे हैं?

Mr. Speaker: Let us not waste any more time we have had enough of discussion on this.

महन्त गंगा सागर: स्पीकर साहब, आधा घंटा आपने दिया। इसमें से अगर चार बोलें तो साढ़े–सात मिनट हरेक के

हिस्से में आते हैं। ऐसा किया जाए कि दस मिनट चौ. चांदराम ले लें और बाकी पांच–पांच मिनट ले लें। (विघ्न)

Mr. Speaker: No interruptions, please. I expect you, Mr. Vij, not to interfere. Ch. Dal Singh has just spoken. Another member has also taken his time from this side. So, new let Ch. Chand Ram start. He may take 15 minutes, if a few others also want to speak from this side, let them take 4/5 minutes each.

चौ. चाँद राम: स्पीकर साहब कुछ बात बजट पर कहने से पहले में अपनी पोलिटिकल पोजिशन को इस सदन के द्वारा जाहिर करना चाहता हूँ।

चौ. दल सिंह: आन ए प्वायंट आफ आर्डर, स्पीकर साहब मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या कोई आनरेबल मैम्बर अपनी पोलिटिकल पोजिशन के बारे में सदन में बोलकर सदन का टाईम खराब कर सकता है? (व्यवधान)

Mr. Speaker: No interruptions, please. It appears that the Members are tired. Demands have been read and moved. A Member while speaking has to indicate the demands on which he wishes to raise a discussion. So, I think that the Hon. Member cannot explain his political position at this stage.

चौ. चाँद राम: स्पीकर साहब, फिर मैं बोलता ही नहीं।

श्री रणधीर सिंह: अध्यक्ष महोदय जनसंघ पार्टी का कोई भी सदस्य नहीं बोला है।

श्रीमती ओम प्रभा जैन: स्पीकर साहब, चौ. साहब बहुत सीनियर मैम्बर हैं एक–दो मिनट जो कुछ यह बोलना चाहें इन्हें बोलने दिया जाए।

Mr. Speaker: A Point of Order has been raised and I have to go by certain Rules and Procedure. I have given 15 minutes to Ch. Chand Ram Ram to speak.

श्रीमती ओम प्रभा जैन: अगर कोई बात होती है तो वह हाउस में ही बोलने की होती है (विघ्न)

Mr. Speaker: Well. we have to go by certain Rules and Procedure. A Point of Order has been raised. Today, there is discussion and voting on Demands. But, in case some statements have been made againt the Hon. Member casting reflections, then he can ask for time for giving personal explanation. However, while speaking on Demands, he cannot speak on other such things. So, let him first speak on personal explanation, if he wants to, and then speak on Demands.

चौ. चाँद राम: मैं बहुत पुराना मैम्बर हूँ। जो कुछ मेरे खिलाफ कहा गया है उसके खिलाफ मैं प्रोटैस्ट करता हूं। कोई भी मैम्बर खड़ा होकर यहां जो कुछ उसके मन में आए कहने लग जाता है। क्या वह ऐसा कर सकता हे? इसके बारे में मैं आपकी रूलिंग चाहता हूँ।

श्री अध्यक्षः चौ. चांद राम आप यह बताएं कि किस मैम्बर ने आपकी पोजिशन खराब की है?

चौ. चाँद रामः स्पीकर साहब, कोई भरी मैम्बर यहां खड़ा होकर जो मन में आए कहने लग जाता है।

श्री अध्यक्षः चौ. साहब अगर आप पर्सनल ऐक्सप्लेनेशन के लिए कुछ टाईम चाहते हैं तो आप साफ कहें उसमें कुछ मुश्किल नहीं है।

श्री दया कृष्णः आन ए प्वायंट आफर आर्डर सर। स्पीकर साहब, एक आनरेबल मैम्बर ने चौ. चांद राम जी के बारे में कुछ कहा था जब वे स्पीच करने के लिए खड़े हुए थे। मैं आपको यह कहना चाहता हूं कि अगर उस तरीक से इनको एतराज है तो यह पहले पर्सनल एक्सप्लेनेशन देकर बात में अपनी स्पीच दे सकते हैं।

11.00 A.M.

Mr. Speaker: A very clear Ruling has been given and I see not reason why the Hon. Member should insist. I have said we will give him time for personal explanation and thereafter he can continue to speak on demands.

Smt. Om Prabha Jain: Ch. Sahib (Ch. Chand Ram) we will be benefited by your address. Pleased speak.

चौ. चांद राम (बबैन.एस.सी.): स्पीकर साहब, यह जो बजट हमारे सामने है यह मैंने खासा गौर से पढ़ा है और इसमें

कोई शक नहीं कि यह बजट जो है यह एक प्रोग्रैसिव बजट है और इसको एक पहरे से दूसरे पहरे तक जब हम पढ़ते हैं (विघ्न)

Mr. Speaker: Kindly do not mix up two things. I have said that one is 'personal explanation' and the other is your speech on Demands. So, you please speak on one and then start with the other.

चौ. चांद राम: मैं समझ गया हूँ स्पीकर साहब, चूंकि आप मुझे बोलने नहीं देना चाहते इसलिए मैं बोलता ही नहीं।

श्रीमती शकुन्तला (साल्हावास, एस.सी.): अध्यक्ष महोदय, मैंने इस बजट को बड़े ध्यान से पढ़ा है। चौ. चान्द राम जी ने और उनके पहले कई और ट्रैजरी बैचिज वाले मैम्बरों ने कहा है कि यह बजट बड़ा ही सराहनीय है लेकिन मेरे अन्दाजें से यह केवल कागजों पर ही अच्छा है। (इस समय उपाध्यक्ष पदासीन हुई)। अगर हम इस बजट को लेकर जनता के सामने जायें और लोगौं की राय पूछें तो मेरे ख्याल में सब यही कहेंगे कि यह सिर्फ कागजी घोड़ा है। तो मैं डिप्टी स्पीकर साहिबा आपकी मारफत निवेदन करूंगी कि इस बजट के अन्दर जो आंकड़े हैं वह आधे से ज्यादा गलत साबत हुए हैं। सबसे पहले मैं एग्रीक्लचर के मुतालिक बताना चाहती हूँ। वित्त मंत्री साहिबा ने खेती के बारे में बताया है कि इसमें बहुत बढ़ोतरी हुई है और हरियाणा का नाम दूसरी स्टेटों के मुकाबले में दूसरे तीसरे नम्बर पर आता है। डिप्टी स्पीकर साहिबा मैं यह बताना चाहती हूं कि किसान लोगों ने

मेहनत की है, वह मेहनती होते हैं, अपना पेट और देश के लोगों का पेट पालने के लिए बहुत मेहनत करते हैं लेकिन उसके बाद वे यह देखते हैं कि जो उन्होंने मेहनत की है उसका उनको क्या फायदा पहुँचा है? अगर उनको फायदा नह दिखाई दे तो वे आगे के लिए उम्मीदे छोड़ बैठते हैं और अगर उनको फायदा दिखाई दे तो वे और भी ज्यादा मेहनत करते हैं इस बजट में कहा गया है कि आने वाले साल में इससे भी ज्यादा प्रोग्रेस होगी लेकिन जब तक किसानों को उनकी पैदावार का पूरा फायदा नहीं पहुँचाया जाएगा वे मेरे ख्याल में अपनी हिम्मत तोड़ बैठेगे और जितना वे अब मेहनत करने के लिए उत्सुक हैं आगे के लिए वे उतनी मेहनत नहीं करेंगे। वित्त मंत्री साहिबा ने बताया है कि पहले से ज्यादा गन्ने की उपज हुई है। मैं मानती हूं कि हुई है। किसानों ने मेहनत की है और ज्यादा गन्ना पैदा किया है उसकी वजह यह है पहले वाली जो सरकार थी उन्होंने किसान को गन्ने की कीमत पूरी दिलाई थी और उससे उनका हौसला बढ़ा था लेकिन जो मौजूदा सरकार है इसने उनका गन्ना सात–आठ रूपए क्विन्टल के हिसाब से बिकवाया है जबकि तूडा भी उससे महंगा बिकता है। डिप्टी स्पीकर साहिबा जब गन्ना तूड़े से भी सस्ता बिके तो फिर किसान का उत्साह कैसे बना रह सकता है? मैंने अपनी आँखें से देखा था किसानों ने अपने गन्ने के खड़े खेतों को आग लगा–लगा कर जलाया था क्योंकि वह जब गन्ने को काट कर मील में ले जाते थे। (विघ्न)

कृषि मंत्री (श्री भजन लाल): वह कब लगाई थी बहन जी?

श्रीमती शकुन्तला: वह पिछले साल लगाई थी और इसके बोर में मैंने तब भी सवाल किया था, लोगों का तब बहुत नुकसान हुआ था। मैं निवेदन करूंगी कि किसान को कोई भी उपज हो उनको उसका पूरा फायदा पहुँचाना सरकार का फर्ज है तभी हरियाण्याा का और सारे देश का फायदा हो सकता है।

अब मैं रोजगार के विषय में कुछ कहना चाहती हूँ।

उपाध्यक्षा: आप डिमांडज पर बोल रही हैं इसलिए आप उनका हवाला देकर डिमांडज पर ही बोल सकती हैं और अगर जनरल डिमांड पर बोलना चाहें तो फिर उन पर बोलें।

श्रीमती शकुन्तला: अच्छा जी! तो मैं रोजगार के बारे में कह रही थी। आज हमारे हरियाणा में और सारे भारतवर्ष में बेकारी की एक बड़ी भारी प्रोबलम फैली हुई है लेकिन उन्होंने इस डिमांड में लिखा है कि हमने बहुत है कि हमने बहुत रोजगार फैलाया है और प्रदेश में बहुत खुशहाली आई है। मगर डिप्टी स्पीकर साहिबा मैं इनको बताना चाहती हूँ कि जब भी कभी मैं किसी को रोजगार दिलाने के लिए लाती रही हूँ तो कोई सुनाई नही होती रही। आज तक किसी मिनिस्टर के पास से मैं एक लड़के को भी नौकरी नहीं दिला सकी हूं जब से मैं एम.एल.ए. बन कर आई हूं। पता नही उसकी यह वजह होगी कि यह अपनी पार्टी

का ही ख्याल रखते होंगे। लेकिन अगर यह बात है तो यह अच्छी नहीं है। रोजगार के मामले में पौलिटिक्स बीच में नहीं लानी चाहिए क्योंकि जो हरियाणा के नौजवान हैं उन सबको रोजगार देना सरकार की जिम्मेवारी है, तभी लोगों को भला हो सकता है।

हरिजन वैलफेयर विभाग को इन्होंने पिछली बार बहुत कम पैसा दिया था और जो स्कीमें वैलफेयर बोर्ड के अन्दन पहुँची थीं उनसे लोगों को बजाए फायदे के धक्का पहुँचा था और मैं समझती हूँ कि वे सिर्फ उनको बहकाने के लिए ही थी। अब भी जितना रूपया रखा गया है वह उनकी तरक्की के लिए बहुत कम है पिछली बार जब एपलीकेशन्ज आई थीं तो उनको मिला मिलाया तो कुछ नहीं था लेकिन अपनी जेब से उलटा खर्चा करके नुकसान उठाना पड़ा था। मैं कहना चाहती हूं कि इस तरह की स्कीमों के लिए बड़े सोच–विचार और गौर के बाद पैसा रखा जाये और पूरा पैसा रखा जाये ताकि लोगों की तरक्की हो सके। यह न हो कि इसी तरह से सारा पैसा लुटा दें और इधर उधर खुरद बुरद कर दें और नाम हरिजनों के लगा दें कि उन पर इतना रूपया खर्च कर दिया है। आज शिक्षा में क्या हाल चल रहा है? टीचर्ज को अपने घरों से बीस–बीस मील दूर भेजा हुआ है और हैडमास्टर्ज को आउट आफ दि डिस्ट्रिक्ट लगाया हुआ है। वे कुछ लोग मेरे घर पर अपने काम के लिये आये लेकिन सरकार की तरफ से उनके फोटो खींच लिये गये और उन्हें ससपैंड कर दिया गया। यह जो पार्लियामेंटरी सैक्रेटरी हैं ये भी इसी तरह के

ससपैड करने का काम करते हैं। मामूली शिकायत आने पर वहां जाकर टीचर्ज को ससपैंड कर देते हैं बगैर किसी खास वजह के। मैं नाम नहीं लेना चाहती हूं कि पहले ससपैंड किया गया और बाद में रिश्वत लेकर छोड़ दिया गया। इस हालात में शिक्षा का स्तर कैसे ऊँचा आ सकता है? मैं सरकार से कहूँगी कि उनको इस बारे में सोच समझ कर कदम उठाना चाहिये और इस तरह नहीं करना चाहिये जैसा वह कर रही है। इनके ऐसा करने से हरियणा में शिक्षा का स्तर 10/15 साल पीछे चला गया है। गांव के लोगों में बच्चों को पढ़ाने का बड़ा चाव है लेकिन वे बड़ी मुश्किल से उनको पढ़ने के लिए भेजते हैं क्योंकि लोग गरीब हैं। टीचर अच्छी तरह उनको पढ़ा नहीं पाते हैं क्योंकि गवर्नमैंट ने उन पर बहुत ज्यादतियां की हुई हैं और कर रही है। वे सताये हुये हैं, उनके मन में शान्ति नहीं है और ऐसे वातावरण में वे अच्छी तरह पढ़ा नहीं पाते हैं इसलिए मैं सरकार से कहूंगी कि वह तबादलों के मामला पर फिर से विचार करे और जिन लोगों के साथ उनको दुश्मनी है उनके साथ ही ऐसा व्यवहार करें और सबको इस तरह तंग न करे। मेरा हलका साल्हावास का है जो कि बहुत ही बैकवर्ड ळै। जब से मैं हाउस में आई हूं मैं कहती आ रही हूं कि वहां सिंचाई के साधन दिए जायें। वह इलाका ऐसा है जो आधा सूखा है और आधा पानी में डूबा रहता हूं 10–15 गांव तो हर वक्त पानी में डूबे रहते हैं और उसकी वजह से लोगों को बहुत ही तकलीफ है। वे लोग खेती नहीं कर पाते हैं। मैं सरकार से हर साल कहती आ रही हूं कि वहां से पानी निकाल कर उस एरिया

को खुश्क किया जाये ताकि किसान खेती कर सकें। जो एरिया खुश्क है वहां पानी दें। यहां जुई कैनाल के बारे में लिखा हुआ है। इस बारे में मैं भी कहती हूं कि यह अच्छा कार्य किया गया है लेकिन मैं कहना चाहती हूं कि इसका मतलब यह नहीं होना चाहिये कि अपने सूखे खेतों में पानी ले गये और रेत के टीलों में पानी ले गये और मेरे इलाका के रेत के टिब्बे वैसे ही रह गये। वहां कोई इन्तजाम नहीं किया जा रहा .....

श्रीमती ओम प्रभा जैन: वहां भी हो रहा है।

श्रीमती शकुन्तला: कहती हैं हो रहा है लेकिन पता नहीं कब हो रहा है। अभी तक तो कहीं कुछ नहीं हुआ है। अगर मैं कोई काम लेकर आई हूं तो उसे करने की बजाये खत्म ही किया गया है। हमारी नहरों में मोरी का मुंह 6 इंच का था लेकिन अब दो इंच कर दिया गया है। मैं समझती हूं कि एक आदमी के मुंह से पानी निकाल कर दूसरे के मुंह में पानी का गिलास लगा देना बेवकूफी है।

श्री भजन लाल: रकबे के मुताबिक मोरी का मुंह होता है।

श्रीमती शकुन्तला: दूसरों को पानी दे दिया जाये और हमारे टीलों को पानी न दिया जाये ऐसा करके इस सरकार ने कोई बहादुरी का काम नहीं किया है। एक आदमी का अधिकार

छीन कर दूसरे को दे दिया जाये यह ठीक नहीं है और मैं इसको अच्छा नहीं समझती।

उपाध्यक्षा: अब आपका टाइम हो गया है।

श्रीमती शकुन्तला: अच्छा जी मैं अभी खत्म करती हूं। शिक्षा के बारे में मैंने निवेदन किया है और मैं कहना चाहती हूं कि मेरा हलका इतना बड़ा है कि उसमें 110 गांव हैं लेकिन उसके अन्दर एक भी लड़कियों का स्कूल नहीं है। सिर्फ बहुझोलरी के अन्दर एक स्कूल है और उसमें भी एक दो टीचर ही रहते हैं। आप देखें कि इतने बड़े हल्का में लड़कियों की शिक्षा के लिये कोई इन्तजाम नहीं है और यह कहते हैं कि शिक्षा को बहुत ऊंचा कर दिया है। अगर सरकार चाहती है कि हमारा प्रदेश तरक्की करे तो लड़कियों की शिक्षा का पूरा इन्तजाम करना चाहिये। ऐसे इलाकों की तरफ जो पिछड़े हुये हैं और जहां लड़कियों के लिये स्कूल नहीं हैं उनकी तरफ ध्यान दिया जाये। सिंचाई के बारे में भी कहना चाहती हूं कि मेरे हल्का में जो सिंचाई का काम जब तक मेरी वजह से और इनकी पार्टी वहां न होने की वजह से नहीं किया गया है उसको अब पार्टीबाजी में न पड़ कर करेंगे और लोगों को सिंचाई की सुविधा देंगे।

श्री रणधीर सिंह (घरौंडा): उपाध्यक्ष महोदया यह जो बजट हमारे सामने है मैं इसकी डिमांडज नम्बर 16, 9, 40, और 20 के बारे में अपने विचार रखना चाहता हूं। हरियाणा के

मुख्यमंत्री जब लोगों के सामने जाते हैं तो बड़ी शान के साथ कहते हैं कि हमने हरियाणा की बहुत तरक्की कर दी हैं। उन्नति किस बात पर निर्भर करती है यह बजट और आपकी मांगें जो हमारे सामने हैं वे बतायेंगी। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि शिक्षा आज हिन्दुस्तान के लिये नहीं तमाम दुनिया में उन्नति का साधन है। हमारे हरियाणा में जितने गांव हैं वे सब ज्यादा आबादी वाले हैं और बहुत थोड़े गांव ऐसे हैं जिनकी थोड़ी आबादी है। प्रजातंत्र में यह होता है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को सहूलतें दी जायें और ज्यादा से ज्यादा लोगों की उन्नति के काम लिये जाये और अगर ऐसा नहीं किया जाता तेा प्रजातंत्र कायम नहीं रह सकता। शिक्षा के लिये सरकार ने 20 करोड़ रूपया मांगा है लेकिन हम तो इनको इससे भी ज्यादा देने के लिये तैयार हैं अगर सरकार शिक्षा के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा लोगौं क लिये उन्नति के काम करे और गांव गांव में लोगों को लडके लड़कियों को शिक्षा की सुविधायें दी जायें। हमारे हरियाणा मे 6669 गांव हैं और इन गांवों के बारे में शिक्षा मंत्री महोदय से सवाल किया गया था कि बताया जाये कि वहां लड़कियों के लिये कितने हाई स्कूल हैं? बड़े खेद के साथ कहना पड़ता है कि अपने आप को समाजवादी सरकार कहने वाली सरकार, जो यह कहते नहीं थकती कि वह लोगों की भलाई क लिये सब कुछ करने के लिये तैयार है और उन्नति के लिये सारे साधन जुटाने के लिये तैयार हैं, उसने 6669 गांव में कुल 45 लड़कियों के हाई स्कूल खोले हैं। क्या यही शिक्षा की उन्होंने की और क्या यही शिक्षा का म्यार है

जिसका ये दावा करते हैं? जहां तक मेरे हल्का की बात है मैं कहना चाहता हूं कि घरौंडा हल्का में ऐसे ऐसे गांव हैं जिनकी आबादी 12/13 हजार से भी ज्यादा है लेकिन वहां कोई हाई स्कूल लड़कियों के लिये नहीं खोला गया है। मैं पूछना चाहता हूं कि इसकी क्या वजह है और क्या इसकी यही वजह है कि वहां का सदस्य इनकी पार्टी का नहीं है? प्रजातंत्र में प्रत्येक व्यक्ति को वौअ देने का अधिकार होता है और वह अपनी मर्जी का सदस्य चुन कर भेज सकते हैं लेकिन जो सरकार बनती है वह सबी बनती है और अगर किसी हल्का में इसलिये काम नह किया जाये क्योंकि वहां का मैम्बर विरोधी दल का है तो यह प्रजातंत्र के विरूद्ध बात जाती है प्रजातंत्र के बारे में बथम ने कहा है Democracy is a Government for the greatest good, for the greatest number. मैं गवर्नमेंट से कहना चाहता हूं कि अगर प्रजातंत्र को कायम रखना है तो यह भेदभाव की नीति बन्द करनी पड़ेगी। बगैर सिकी पार्टीबाजी के गांव गांव में लड़के लड़कियों के स्कूल खोलने चाहियें।

इसके बाद डिमांड न. 9 जनरल ऐडमिनिस्ट्रेशन के बारे में है। जनरल ऐडमिनिस्ट्रेशन की हालात स्टेट में बड़ी दयनीय है। जगह जगह पर अराजकता फैली हुई है। इस अराजकता के कारण गांवों में इन्साफ की प्रणाली कायम नहीं रह सकती। गांवों के लोग कचहरियों में इन्साफ लेने के लिए जाते हैं लेकिन उन्हें इन्साफ नहीं मिलता। कई कई दिन तक कचहरियों के दरवाजे

खटखटाते रहते हैं। कचहरियों में सरकारी कर्मचारी गांवों के भोले भाले लोगों को इधर उधर भटकाते फिरते हैं जिससे उनके धन की हानि होती है। कर्मचारी कई तरह की बटौलेबाजी करते हैं। सरकार गवर्नमेंट मशीनरी की स्थिति को सुधारे और जनता के हित में लाभकारी पग उठाए। हमें व्यक्तिगत अनुभव है कि सरका कर्मचारी अपने काम को निपुणता के साथ निभाने में असमर्थ हैं। कर्मचारियों में इस कमी को दूर करें ताकि निर्धन व्यक्ति जो गांवों से कचहरियों में इन्साफ मांगने के लिए आते हैं, उन्हें पूर्णरूप से इन्साफ मिल सके।

अब मैं डिमांड न. 40 के बारे में निवेदन करना चाहता हूं कि जो कि ऐग्रीकल्चर इम्प्रूवमेंट के बारे में है। सरकार ने ऐग्रीकल्चर के लिए 20 करोड़ 50 लाख रूत्र रखा है जो कि मेरे विचार के मुताबिक बहुत थोड़ा है। नीलोखेड़ी में एग्रोल–इन्डस्ट्रियल कारपोरेशन की तरफ से ट्रैक्टर्ज की रिपेयर के लिए डिपो खोला हुआ है लेकिन किसानों को ट्रैक्टर चलाने की ट्रेनिंग देने के लिए कोई प्रबन्ध नहीं है ताकि किसान ठीक तरह से ट्रैक्टर चला कर अपनी खेती को अच्छी तरह से उन्नतिशील कर सकें। जब सरकार ट्रैक्टर सप्लाई करती है तो ट्रेनिंग का भी कोई न कोई साधन जुटाया जाना चाहिए। सरकार से मेरी प्रार्थना है कि जो किसान ट्रैक्टर के लिए अप्लाई करता है और ट्रैक्टर उपलब्ध करता है उसको कम से कम एक महीने ट्रेनिंग लैने की सुविधा सरकार की तरफ से होनी चाहिए ताकि ट्रैक्टर को अच्छी

तरह से चला सके और ज्यादा से ज्यादा अन्न का उत्पादन कर सके और अपना सारा ध्यान खेती की तरफ लगा दे। मुझे खेद के साथ कहना पड़ता है कि सरकार इन तरफ ध्यान देने को तैयार नहीं है। इसके साथ ही साथ मैंने देखा है कि ट्रैक्टरों को उपलब्ध करने में ब्लैक–मेलिंग चलती है। सरकार इस ब्लैक–मेंलिंग को चैक करने में बिलकुल नाकामयाब है। सभी जानते है कि हरियाणा कृषि प्रधान देश है और कृषि की उन्नति के लिए जो भी साधन हो सकते हैं वे सभी जुटाए जाने आवश्यक हैं लेकिन इस बजट में इतना प्रोवजिन नहीं है जिसके बल पर ऐग्रीकल्चर इम्प्रूवमेंट के लिए पर्याप्त साधन उपलब्ध कर सकें। यह बड़े खेद की बात है कि जो रूपया ऐग्रीकल्चार के लिए मांगा है, इसको मांगने के बाद भी किसान के प्रति कोई सदभावना नहीं है। ट्रैक्टरों की ब्लैक–मेलिंग बराबर चल रही है।

श्री भजन लाल: ट्रैक्टर लाटरी सिस्टम के हिसाब से दिया जाता है और वह लाटरी किसानों के सामने खोली जाती है।

श्री रणधीर सिंह: जो चीजें प्रैक्टिकल तजर्बे में आती हैं वही मंत्री महोदय के सामने रख रहा हूं। गवर्नमैंट तीन ट्रैक्टर्ज–डी.टी. 14, जीटर और बाई–लैरस सप्लाई करती है लैकिन यह ट्रैक्टर गलत आदमियों का दिए जाते हैं जिनको जरूरत नहीं होती। ये लोग बीस बीस हजार रूपये की ब्लैक करते हैं। मैं मंत्री महोदय को, अगर वे जानने के लिए लालायित हैं उन लोगों के नाम बता सकता हूं जिन्होंने ब्लैक–मेलिंग की है। मिनिस्टर साहब

मुझे अश्योरेंस दे कि उनके खिलाफ कार्यवाही की जासगी जिन्होंने ब्लैक मेलिंग की है और हेराफेरी की है। उपाध्यक्ष महोदया, ये बातें तो कहने की हैं कि ट्रैक्टर हम लाटरी सिस्टम से देते हैं और हेराफेरी नहीं होती। ये पेपर पर ही रह जाती है। गवर्नमेंट जनता को झांसा देती है कि हम हरियाणा की उन्नति के लिए ट्रैक्टर दे रहे हैं और तरक्की के दूसरे काम कर रहे हैं, लेकिन वास्वविकता यह है कि लोग नाजायज फायदा उठा रहे हैं और जिनको ट्रैक्टर की वास्तविक रूप में आवश्यकता होती है वे वंचित रह जाते हैं। यह समझने की बात है, गवर्नमेंट इसकी तरफ ध्यान दे।

गवर्नमेंट ने ऐनिमल हसबैंडरी का महकमा खोला है। इस महकमें के लिए 1 करोड़ 96 लाख रूपया मांगा है। हम मानते हैं कि हरियाणा में ऐनिमल हसबैंडरी की उन्नति बहुत जयरी है, बैलों की नसल में तरक्की होनी चाहिए, सांड़ होने चाहिए और दूध के साधन होने चाहिएं। मंत्री महोदय मौजूद हैं, मैं बताना चाहता हूं और पूछना चाहता हूं कि हरियाणा के पशुओं की नसल में क्या कमी है? हरियाणा की नसल को क्यों इगनोर किया जाता है? ठीक है जरसी सांड अमरीका से इम्पोर्ट होते है और उनके इस्तेमाल करने से दूध की मात्रा बढ़ती है लेकिन बैलों की नसल खराब होती है। क्या सरकार को बैलों की जरूरत नहीं है? क्या खेती–बाड़ी करने के लिए ट्रैक्टर ही इस्तेमाल करते रहेंगे? यह गलत है कि सारी की सारी खेती ट्रैक्टरों से ही की जाएगी। मैं

सरकार से जानना चाहता हूं कि ऐसे कितनी लोग हैं जिनके पास पांच एकड़ जमीन है और उन पांच एकड़ जमीन को जोतेने के लिए सरकार ने ट्रैक्टर दे रखे हैं? मैंने सवाल भी पूछा था कि कितने लोग ऐसे हैं जिनके पास पांच एकड़ जमीन है और उनको ट्रैक्टर लेने के लिए लोन दिया गया? मेरे इस सवाल का जवाब नहीं आ सका। मैं सरकार को बताना चाहता हूं कि हरियाणा में कोई भी फार्मर ऐसा नहीं है जिसको पांच एकड़ भूमि के लिए ट्रैक्टर उपलब्ध करने के हेतु लोन दिया गया हो। बहन जी, ऐसे हालात में हरियाणा की तरक्की कैसे हो सकती है? हरियाणा के बैलों की नसल अच्छी नसल है इसको सुधारने के एिल क्यों तरक्की के कदम नहीं उठाए गए? मुझे खेद के साथ कहना पड़ता है कि सरकार ने इस ओर कोई कदम नहीं उठाया और न ही उठाने के लिए तैयार है। जब कि हरियाणा के बैल अच्छे हैं तो जरसी बुल्ज लाने की क्या आवश्यकता महसूस हुई? जो मिल्क सप्लाई स्कीम है उसके द्वारा दिल्ली को मिल्क सप्लाई किया जाता है। ठीक है सप्लाई करें लेकिन जो फालतू मिल्क है उसी को दिल्ली भेजना चाहिये। हरियाणा की जनता का हक छीन कर बाहर भेजना उनके साथ अन्याय है। फालतू दूध भेजने की बात बिल्कुल उचित है। सारे का सारा दूध दिल्ली भेजने का परिणाम यह है कि हरियाणा में घी 16–17 रूपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से मिलता है और दूसरे प्रान्तों में 13, 14, 15 रूपये किलोग्राम के हिसाब से मिल जाता है। क्या यह हरियाणा में ऐनिमल हसबैंडरी की तरक्की है? महकमें वाले गांवों में जाते हैं और जो हरियाणा की नसल के

साँड होते हैं उनको निकम्मा बना देते हैं और बाहर से मंगवाए हुए सांड़ सप्लाई नहीं करते, परिणाम यह होता है कि गायें भैसें कामयाब नहीं होतीं और बाद में गलत तरीक इस्तेमाल करते हैं। सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए कि इस तरीके से काम न करें जिससे प्रदेश को नुकसान हो। इस महकमें में इतना पैसा खर्च करने का फायदा तब तक नहीं हो सकता जब तक गांवों में पशुओं की नसल को न सुधारें। लोगों को कोआप्रेशन दें, जो कमियां हमारे अन्दर हैं उनको दूर करें ताकि हरियाणा फले फूले। अगर सरकार चाहती है कि हरियाणा खुशहाल हो तो जो रूपया महकमें को दिया जाता है उसको अच्छी तरह से खर्च किया जाए। जो जनता की जरूरतें हैं उनको पूरा किया जाय तभी देश आगे बढ़ सकता है।

उपाध्यक्ष महोदया, सरकार सड़कों की बड़ी डींग मारती है। कहती है कि गांव–गांव में सड़क पहुंचा देगें। मेरे हल्के में घरोंडा की सड़क है जिस की हालत पहले से भी बदतर हो चुकी है। उस रोड पर जो बस चलती हैं उनके टायर तीन दिन से ही खराब हो जाते है। कच्ची सड़क से भी बदतर हालत है। जो सदस्य कांग्रेस पार्टी में हैं उनके हलकों में तो यह सरकार सब कुछ करती है, हर डिवैल्पमेंट का काम हो रहाहै, उनकी सड़कें पहले बन सकती हैं लेकिन नान–कांग्रेस सदस्यों के हलकों की तरफ कोई ध्यान नहीं किया जाता। क्या यही डेमोक्रेसी है, क्या यही जमहूरियत है? कहा तो जाता है कि Democracy is

Government of the people, for the people and by the people. परन्तु हमारे यहां एक ही पार्टी की हकूमत चलती रही और इसी एक ही पार्टी की बहबूदी के लिए काम होता रहा है और दूसरे इलाकों को इग्नौर किया जाता रहा है। उपाध्यक्ष महोदया, मैं विशेषतः वित्त मंत्री महोदया से आश्वासन चाहता हूं कि घरौंडा हल्के की इस सड़क में जो कमी है उसको पूरा कर दिया जाएगा। मुझे निहायत दुख के साथ कहना पड़ता है कि उस सड़क की हालत पहले से भी खराब हो चुकी है।

वित्त मंत्री (श्रीमती ओम प्रभा जैन): जब अगले इलैक्शन के लिए जाएंगे तब बनायेंगे।

श्री रणधीर सिंह: अगला इलैक्शन होगा या न होगा, यह भविष्य बतलाएगा। आज देश के हालात बहुत खराब हैं, ऐसे हालात में नहीं कह सकते की कौन पार्टी आएगी, कौन नहीं आएगी लेकिन इसका मतलब यह नहीं हो जाता कि जनता की सन्तुष्टि की बात ही न हो। अभी पिछले दिनों की बात है। एक सड़क के बारे में हमने मिनिस्टर महोदय को बताया लेकिन जनता की आवाज सुनी नहीं जाती। जनता की बात को ठुकराया जाता है ओर अपनी मनमानी करने की कोशिश की जाती है। हम चाहते है कि जनता की सही मांगों को माना जाना चाहिए और सही अधिकारों की रक्षा की जानी चाहिए। जम्हूरियत के अन्दर किसी भेद–भाव के यह सदस्य विरोधी दल का है और यह अपनी पार्टी का है, सभी लोगों का काम किया जाना चाहिए। अभी हमने

मार्किटिंग बोर्ड के बारे में बात सुनी। यह ठीक है कि मार्किटिंग बोर्ड बहुत काफी काम कर रहा है लेकिन यह महोदय जो उसके अधिकारी यहैं केवल उन्हीं हलकों में सड़क बना रहे हैं जहां उनके अपने सम्बन्धी हैं। मैं सरकार को बताना चाहता हूं कि अगर यह सइ तरह से काम करती रहेगी तो लोग समझ कर यह बात आपके सामने रख देंगे कि इस तरह की सरकार हमको नहीं चाहिए। इसलिए मैं अपनी सरकार से प्रार्थना करूंगा कि वह जनता की सही बात को सही तरीके से अमल में लाए ताकि जनता की भलाई हो सके। इन शब्दों के साथ, मैं, डिप्टी स्पीकर साहिबा, आपका धन्यवाद करता हूं क्योंकि आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया।

चौ. बनवारी राम (जुंडला, एस.सी.): डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज बजट पर बोला जा रहा है। इस बारे जो बजट हमारी सरकार ने बनाया उसकी मैं ताईद करता हूं लेकिन साथ ही साथ मे। कुछेक बातें यहां अर्ज करना चाहता हूं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज 23 साल हो गए हैं हमारे मुल्क को आजाद हुए। आप हिसाब लगाएं कि 23 सालों मैं कितने दिन हुए और इन दिनों में कितने बार रेडियों से खबरें आई होगी? इन 23 सालों में आप सच मानिए लोग हिन्दुस्तान के सब लीडरों के मुंह से चाहे वह अपोजीशन का है और चाहे सरकारी पार्टी का है, तथा रेडियो से ''हरिजन'' ''हरिजन'' ''हरिजन'' की रागनी सुनकर तंग आ गऐ

हैं। यह तो जनसंघ भी गीत गा रहा है और स्वतन्त्र पार्टी भी गीत गा रही है कि समाजवाद लायेंगे।

श्रीमती शकुन्तला: रिपब्लिकन पार्टी भी गा रही है।

चौ. बनवारी राम: ठीक है रिपब्लिकन पार्टी भी गा रही होगी लेकिन कांग्रेस भी रिपब्लिकन है। (विघ्न)

उपाध्यक्ष: आप अपनी स्पीच करें।

चौ. बनवारी राम: डिप्टी स्पीकर साहिबा, इसके लिए मैं केवल सरकार की ही खता नहीं समझता बल्कि सभी पार्टियां बराबर की दोषी हैं। क्योकि सारी पार्टियां 23 साल से इस तरीके के गीत गा रही हैं और जनता को धोखा दे रही हैं। कल मेरे साथी कवर सिंह दहिया ने कहा था कि 6 महीने के अन्दर बगावत आएगी, क्रान्ति आएगी, मैं उसमें शामिल हूंगा। मैं अपने साथी से कहना चाहता हूं कि हरियाणा के अन्दर क्रान्ति की जरूरत नहीं है। यहां 15–16 एम.एल.एज. आज भी हरिजन हैं और अगर सब मिल कर हरिजनों को तकलीफ से छुड़ाना चाहें तो तीन दिन नहीं लगेंगें। मरग हममें कोई ऐसी बात ही नहीं है। हम सब आराम करना चाहते हैं और फीकी बातें करते हैं। अब इलैक्शन होगा। हमारा फर्ज है कि सरकार के नुमायदे चुनवा कर लायें। उसके बाद सभी मंत्री साहेबान या जितने एम.एल.एज. हैं एक दिन सरकार के पास जायें ओर अपनी तकलीफ उनके सामने रखें। सवाल ही पैदा नहीं होता अगर दस साल के अन्दर जो काम नहीं

हुआ वह दस दिन के अन्दर न हो। सरकार को हमने खुद बिगाड़ा है क्योंकि हम लोगों में एकता नहीं है।

आज मजदूर औरत, मर्द और बच्चे–बच्चियां बर्फ में काम करते हैं, सर्दी में काम करते हैं, टोकरियां सिर पर ले लेकर सड़कें बनाते हैं, नहरें खोदते हैं, बिल्डिगें बनाते हैं लेकिन उसे मजदूरी, अढ़ाई, साढ़े तीन और चार रूपये से ऊपर नहीं मिलती। हम लोग तो आराम से रहते हैं। जहां जाते हैं वहां सेवा होती है लेकिन सरकार को सोचना चाहिए कि आज भी मजदूर जो बर्फ में, सर्दी, गर्मी और वर्षा में सारा दिन काम करता है वह दो वक्त पेट भर कर रोटी नहीं खा सकता, कपड़े की तो बात ही कया करनी है, क्योंकि उसकी मजदूरी बहुत थोड़ी है। इसलिए मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा किसी भी मजदूर की मजदूरी चाहे वह किसी भी महकमे में काम कर रहा हो पांच रूपये से कम नहीं होनी चाहिए बल्कि पांच रूपये से ऊपर ऊपर ही होनी चाहिए।

सरप्लस जमीन के बंटवारे का जहां तक, डिप्टी स्पीकर साहिबा, सम्बन्ध है, मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि वह कहां से जमीन दिलायेगी आज तो हालत यह है कि कोई पोते के नाम सरप्लस जमीन को करवा रहा है और कोई बहु के नाम करवा रहा है। जमीन कहां से मिलेगी जब कि उसे इस तरह से छिपाया जा रहा है? यदि सरकार कोई इसत तरह का ऐक्ट बना दे कि सारी की सारी सरप्लस जमीन को भूमिहीनों को दिया जायेगा तब तो कुछ हो सकता है वरना जमीन छुपाई जा रही है। इस हाउस में

भी कुछ नुमायदे बैठे हैं जो इस तरह से जमीन को छुपा रहे हैं। (विघ्न) राठीक साहब, शायद आप को कुछ दर्द हुई होगी क्योंकि शायद आपका पड़ोसी जागीर का मालिक होगा।

चौ. जय सिंह राठी: मेरे पास तो एक बिसवा भी जमीन नहीं है, मैं भी हरिजन हो रहा हूं।

चौ. बनवारी राम: डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह जमीन बंटेगी अवश्य लेकिन कुछ देर लगेगी। कंवर सिंह दहिया जो कहते हैं कि क्रान्ति आनी चाहिए उस क्रान्ति को हम 15–16 एम.एल.ए. भी ला सकते हैं। क्यों हम दूसरी क्रान्ति का नाम लें? हम तो खुद सरकार को मजबूर कर सकते हैं, तीन दिन के अन्दर सब कुछ कर सकते हैं। यह नहीं होना चाहिए कि कोई तो विशाल हरियाणा पार्टी का गीत गाता रहे और कोई कांग्रेस का गाता रहे। हरिजन के नाते इकट्ठे होकर हम अपनी तकलीफों का बतला सकते हैं। यह बात तो इनके अन्दर है नहीं – (विघ्न) –

एक आवाज: सूबेदार साहब के पास कह दो।

चौ. बनवारी राम: सूबेदार साहब इस वक्त हमारे लीडर हैं। उनके ऊपर हमें नाज है। इन्हीं के पास हमने कहना है या फिर सी.एम. साहब के पास कहना है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, यहां कहा गया कि मुजारे बेदखल नहीं होगे। कोन कहता है कि नहीं होंगे? मुजारे इतनी बुरी तरह से बेदखल हो रहे हैं जिसका कोई शुमार नहीं। जब रोकने का काम आता है तो सरकार कह देती है

कि अदालत का केस है। भला अदालत में चौ. राठी के ***** वगैरा जो बैठे हैं वे कैसे गरीबों को जीतने देंगे? यह मुजारा ऐक्ट ठीक है। जो मुजारा यहां बैठा है तक तक बेदखल नहीं होगा जब तो उसे दूसरी जमीन नहीं मिल जाएगी।

चौ. जय सिंह राठी: आन ए प्वायंट आफ आर्डर, डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरे काबिल दोस्त ने कहा कि मेरे ***** इन मुजारों को बसने नहीं देते, इसके बारे में पर्सनल एक्सप्लेनेशन देना चाहूंगा।

चौ. बनवारी राम: डिप्टी स्पीकर साहिबा, राठी साहब बहुत समझ गए हैं। मैं तो सबको कहना चाहता हूं।

उपाध्यक्षा: आप नाम न लें।

चौ. बनवारी राम: डिप्टी स्पीकर साहिबा, अगर यह बात कानून के बाहर जाती है तो मैं इन लफ्जों को वापस लेने के लिए तैयार हूं।

उपाध्यक्षा: ऐक्सपंज कर दिए जायें।

चौ. बनवारी राम: डिप्टी स्पीकर साहिबा पंचायतों की जमीन के विषय में सरकार ने एक्ट बनाया लेकिन हरियाणा में जहां बड़े बड़े गांव हैं वहां पर तीसरे हिस्से की जमीन नहीं दी जाती है। सरकार के यह भी नोटिस में लाना चाहता हूं कि जो

पंचायतों की जमीन तीसरे हिस्से में मिलती थी उससे भी हमें महरूम किया जाता है उसको भी अपने आप लोग बो लेते हैं।

उपाध्यक्षा: आप तो पहले भी बोल चुके हैं। इसलिए जल्दी खत्म करें।

चौ. बनवारी राम: मैं ज्यादा टाईम नहीं लेना चाहता हूं। दोबारा फिर बोल लूंगा। मैं सरकार से यही प्रार्थना करूंगा कि सरकार का जो कानून है, हमारी सरकार ने जो चीजे बजट में रखी हैं मैं उनकी ताईद तो करता हूं लेकिन वे पूरी नहीं होती है। मैं तो यही निवेदन करूंगा कि वे पूरी होनी चाहिए। आजकल जो मुजायरे बेदखल किये जा रहे हैं उनकी बेदखली को रोका जाये।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं और अधिक नहीं कहना चाहता हूं। मैं अन्त में यही कहूंगा कि अगर हरिजनों को उनके हको से महरूम किया जाता है तो इसमें हरिजन लीडर और हरिजन एम.एल.ए. कसूर वार हैं। हरियाणा के हरिजनों के हकूक की जिम्मेदारी हम 16 एम.एल.एज. की है।

श्रीमती ओम प्रभा जैन: मै आपसे यह जानना चाहूंगी कि आप मुझे बोलने का कितना टाईम देगें?

उपाध्यक्षा: आधा घन्टा आपको मिल जायेगा।

श्रीमती ओम प्रभा जैन: आधा घन्टा तो बहुत कम टाईम है।

उपाध्यक्षा: स्पीकर साहब ने कहा है कि साढ़े बारह बजे गिलोटिन लागू करना है। इसलिए इतना ही समय मिलेगा।

महन्त गंगा सागर (झज्जर): डिप्टी स्पीकर साहिबा आपने बजट की डिमान्डज पर बोलने का अवसर दिया उसके लिए तो आपका धन्यवाद लेकिन समय बहुत थोड़ा है। फिर भी इस कम समय के अन्दर ही चन्द सुझाव मैं सदन के सामने रखूंगा।

डिप्टी स्पीकर साहिबा सरकार ने फरमाया है कि एग्रीकलचर के लिए बजट में खास हिस्सा रखा गया है। इसमें कोई शक नहीं, रखा गया है लेकिन जैसा कि रामधारी जी ने फरमाया कि बहुत से मैम्बर्ज अपोजीशन का ही रोल अदा करते हैं और महज क्रीटिसाइज करते हैं। उस बात को मदेनजर रखते हुए मैं अपनी तरफ से कुछ ठोस चीजें रखना चाहता हूं और आशा करता हूं कि सरकार उन चीजों की तरफ जरूर ध्यान देगी।

जरायत के अन्दर हमारी स्टेट काफी प्रधान स्टेट हैं और हमारी स्टेट का बहुत बड़ी सैक्शन जरायत पर निर्भर करता है। इसमें कोई शक नहीं कि हमारा किसान आज हिन्दुस्तान के काफी जागृत किसानों में हो चुका है। उसको कुछ सरकार की तरफ से भी जागृत किया गया और कुछ अपने आप भी वह जागृत हुआ है। आज किसान का जागृत होने का कुछ कारण भी है

कयोंकि पहले जो किसान थे उनको अपनी उपज का मुआवजा भी नहीं मिलता था जबकि आजकल कुछ जिन्सों के अन्दर उसको कुछ माकूल मुआवजा मिलता दिखाई दे रहा है। किसान अपनी तरफ से भी खड़ा हुआ है। गेहूं का एक बैलैन्सड प्रोडक्शन है और उसके भाव में भी सुधार हैं, इसलिए हम कारण से किसान गेहूं बोने की तरफ ज्यादा ध्यान देते हैं। किसान को यह तसल्ली हो चुकी है कि गेहूं से कुछ फायदा हो सकता है। लेकिन आज के मंहगाई के हिसाब को देखते हुए, क्योंकि मैं भी एक प्रैक्टिकल किसान हूं अगर किसान एक एकड़ गेहूं बोता है तो उसके अन्दर पांच सौ से लेकर 600 रूपये तक एक एकड़ पर किसान का खर्चा आ जाता है। मौजूदा भाव के अनुसार 20 मन गेहूं उसका खर्चा के अन्दर चला गया। अगर उन किसान को पचास या 45 मन मिला है तब भी यह समझियेंगा कि उसको माकूल मुआवजा मिला है। अगर वही किसान खुद काश्त न करे और दूसरे भाई को बांटे पर दे दे तो उसको चौहद–पन्द्रह मन एक एकड़ में मिलता है क्योंकि 20 मन तो उसका बोने और दूसरे खर्च में आ गया। 15 मन दूसरे के हिस्से में चला गया तो इस प्रकार से बहुत कम हिस्सा मिलता है। किसान को तो तब फायदा होगा जब इम्प्रूवड वैरायटी हम काश्त करें। हम उससे 35 मन से ज्यादा कमा सकते हैं बशर्ते कि हमारे पास साधन हों।

इसमें कोई शक नहीं कि हमारे हरियाणा में बिजली दी है। बहुत से साथी भले ही यह कहें कि नहीं दी लेकिन मैं इस

बात से सहमत नहीं हूं। हरियाणा के लगभग सभी गांवों में बिजली पहुंच चुकी है। अगर कोई गांव अपनी मर्जी से रह गया हो तो यह दूसरी बात है लेकिन इस बात में संकोच करें कि सारे हरियाणा में बिजली नहीं पहुंची यह गलत बात है। लेकिन देखने में यह आता है कि बिजली की मेनेटेनेन्स की दिक्कत है। वह कैसे हल हो? इस विषय में सरकार को सोचना चाहिए। अगर आपके पास स्टाफ उतना नहीं है जितना होना चाहिए तो उन जरूरतों को मदेनजर रखते हुए पहले आपको यह कहना चाहिए कि आप पूरा स्टाफ रखें और दूसरी जो सबसे जरूरी चीज है वह यह है कि जो बिजली का सामान तार या अन्य कोई भी चीज लगी है वह अच्छी क्वालिटी की लगनी चाहिए। पहले जो सामान लगा है वह इतनी अच्छी क्वालिटी का नहीं है। यह जो रोज राजे खराब हो जाने वाली दिक्कत है यह नहीं आनी चाहिए।

मैं खुद किसान होने के नाते से आपको याद दिलाता हूं कि अगर यह महीना बीस दिन पहले जो बरसात हुई है यह नहीं होती तो हरियाणा की गेहूं की फसल को बहुत धक्का लगता। कई जगहों पर इससे पानी की जरूरत पूरी हो गई है। नहरों और टयूबवैलों से कई एक किसान तो अपनी पूरी फसल को एक भी पानी नहीं दे सके हैं। इसलिए आपके जरिए सरकार से निवेदन करूंगा कि बिजली की मेटेनैन्स के विषय में यह गौर करें ताकि किसान अपनी पूरी पैदावार कर सके।

यहां हाउस में भी ट्रैक्टरों के विषय में जिक्र आया। मैं इस विषय में तो कुछ नहीं कह सकता कि ट्रैक्टर कम क्यों आ रहे हैं, हमारी ऐग्रोइन्डस्ट्री की कमी है या बाहर से इम्पोर्ट होकर नहीं आ रहे हैं या हिन्दुस्तान में ही ट्रैक्टर नहीं बन रहे हैं और अगर बन रहे हैं तो उसका उचित हिस्सा हमें नहीं मिल रहा है। अगर कुछ दिक्कतें हैं तो उनको दूर करके किसानों को जरायत का पूरा सामान दिया जाये। आजकल फर्टेलाइजर की तो इतनी दिक्कत नहीं है। वह तो तकरीबन मिल रहा है। मेरा कहने का मकसद यह है कि अगर किसान को पानी, ट्रैक्टर और खाद समय पर मिल जाए तो किसान अपनी पैदावार को बहुत बढ़ा सकता है। इसलिए मैंने जो ये सुझाव दिये हैं इसमें कोआपरेटिव और दूसरे कई विभाग आ जाते हैं, सुझावों पर सरकार को गौर करना चाहिए और जो कमी है उसको दूर करना चाहिए।

ट्रांसपोर्ट का जहां तक सम्बन्ध है, बड़ी अच्छी बात है कि आपने उसको नेशनेलाइज कर दिया है और जो थोड़ी–बहुत बाकी है उसको भी जल्दी ही नेशनेलाइज कर दिया जायेगा। कुछ बसें प्राईवेट चल रही हैं। उनका कुछ लाभ नहीं है इसलिए उनको भी सुधार करना चाहिए। जब सरकार ने अपनी बसों को चला दिया है तो उनके लिए हर गावं में बसे स्टैन्ड बनने चाहिए। हर गांव के बस स्टैन्ड पर टाईमटेबल होना चाहिए ताकि लोगों को इस बात की दिक्कत न पड़े कि बस किस सयम पर आती है ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर साहब से मैं एक चीज और कहूंगा उसको

उतारा नहीं गया। इस तरह से सर्दी में पंखे लगे हुए हैं उनको उतारा नहीं गया। इस तरह से सर्दी में पंखे लगे रहें तो वे खराब ही होते हैं। इसलिए उनको उतार देने से महकमें को कुछ न कुछ बचत ही होगी।

जनरल ऐडमिनिस्ट्रेशन के बारे में डिमान्डों में कुछ जिक्र है। जहां तक हमारी स्टेट के जनरल ऐडमिनिस्ट्रेशन का सम्बन्ध है वह और स्टेटों से तो अच्छा है लेकिन फिर भी कुछ कमियां है। जैसे बंगा की स्टेट है उससे तो हम अपनी स्टेट को कम्पेयर नहीं करेंगे। यहां की जनता बड़ी अमनपसन्द है और न ही यहां पर इतने झगड़े ही होते हैं। लेकिन फिर भी जनरल ऐडमिनिस्ट्रेशन के बारे में कुछ सुधार करने की जरूरत है। हमारे अफसर जो अब काम पर लगे हुए हैं वे और ज्यादा ध्यान करेंगे ताकि छोटी छोटी जो भी दिक्कतें हैं वे भी दूर हो सकें।

अभी ऐग्रीकल्चर की मैं एक बात भूल गया हूं जिसे मंत्री महोदय नोट करें। जो माल मंडियों से खरीदा जाता है उसमें जो महकमें उसे खरीदतें हैं बहुत गड़बड़ी करते हैं और वह गड़बड़ी यह है जैसे किसी स्टेट को भेजने के लिए वहां से माल खरीदा जाता है और वहां से सीधा उस स्टेट को भेज दिया जाता है लेकिन वे खरीदने वाले अपने कागजों में फालतू एन्टरीज दिखा देते हैं जैसे मंडी से माल खरीद कर लोड कराया, गोदाम में रखा गया, गोदाम से रेलवे स्टेशन भेजा गया। ये जो लोकल कार्टेज की एन्टरीज ये अधिकारी कागजों में दिखाते हैं इससे वे लाखौं

रूपये खा जाते हैं। मगर आप इस चीज की चैक करें तो लाखों रूपये की बचत हो सकती है।

श्री भजन लाल: मैं किसी का नाम लेकर शिकातय नहीं करना चाहता। इन्डस्ट्रीज का जहां तक ताल्लुक है हरियाणा के अन्दर इसके लिए बहुत गुंजाइश है। हमारी स्टेट एक ऐसी जगह पर वाक्या है जिससे दिल्ली के तीनों तरफ हम आ जाते हैं। यहां के मजदूर भी काफी मेहनती हैं। जितना इस स्टेट के अन्दर एक्सपेन्शन होना चाहिए था उतना नहीं हो पाया। कुछेक इन्डस्ट्रीज ऐसी देखी गई हैं जैसे कालका में मेज फैक्ट्री लगी है। इस फैक्ट्री के लगने से एक गलत बात हुई है। वह किसी एक आदमी को खुश करने के लिए लगाई गई है। अगर इस तरह की इंडस्ट्रीज हमारे यहां लगेगी तो हमारी स्टेट तरक्की नहीं करेगी। ऐम्पलाएमैंट का हरियाणा के अन्दर जहां तक ताल्लुक है, वे आंकड़े जो हमारी फाइनैंस मिनिस्टर साहिबा ने दिए हैं बहुत कम मालूम पड़ते हैं क्योंकि इन्होंने लिखा है कि 239603 से बढ़ कर 259433 हो गए है। इसके अलावा हमें कई प्रतिशत ऐम्पलाएमैंट मिले तो हरियाणा का गुजारा हो सकता है। इसके बारे में मैं एक उदाहरण देता हूं। ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर साहब जरा गौर करें और तफतीश करायें। रोहतक का जो का ट्रांसपोर्ट डिपो है उसके अन्दर कन्डक्टरों की वैंकैन्सीज निकलीं। ऐम्पलायेमैंट ऐक्सचैन्ज की मार्फत नाम मंगवाये गए। कुछ लोगों ने इन्टरव्यू दिया और उनको सिलैक्ट कर लिया गया। उसके बाद महकमें वालेा ने

उनकी चिट्ठी लिखी कि आप ट्रेनिंग ले लें और उन्होंने एक महीने की ट्रेनिंग ले ली। महकमें वालों ने अपनी तरफ से उनके सर्विस की सिक्योरिटी भी दे दी, उनके करैक्टर वैरिफाई करवा लिए गए, वे नौकरी के काबिल हो गए, लेकिन जब उनको ऐसे ही 8–10 महीने हो गए तो उसके बाद, 11 कंडक्टरों को कह दिया कि चूंकि 6 महीने हो चुके हैं अब दोबारा ऐम्पलायेमेंट में नाम दर्ज करवाओ और फिर यहां दरख्वास्त दो। इस तरह की ट्रेनिंग के बाद नौकरी से इन्कर किया जाए तो इससे लोगों में असन्तोष फैसता है। मैं ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर से रिक्वैस्ट करूंगा कि अगर यह बात दुरूस्त हो तो इसकी तहकीकात करायें।

